02/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से भारत प्रथम के आदर्श वाक्य पर आधारित है और भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहनशीलता की उसकी नीति को हाल के लोकसभा चुनावों में लोगों का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं करने की नीति का पालन किया है। श्री मोदी ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जवाब देते हुए यह बात कही। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्वता और समझदारी दिखाने के लिए देश के लोगों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के साथ काम कर रही है।

0000000000000000000

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस के परिणामों की घोषणा कर दी है। योग्य उम्मीदवारों को सिविल सेवा परीक्षा, दो हजार चौबीस के लिए विस्तृत आवेदन पत्र-I (डीएएफ-I) में फिर से आवेदन करना होगा। इस बीच, आवेदन भरने और उसे जमा करने की तारीखों की घोषणा आयोग की वेबसाइट पर यथासमय की जाएगी।

000000000000000000000

राजधानी ईटानगर जिला उपायुक्त स्वेता नागारकोटी मेहता ने राजधानी क्षेत्र में भारी वर्षा के वजह से विभिन्न क्षेत्र में हुए सड़क अवरोध और भूस्खलन की समस्या को नियंत्रण करने के लिए कई उपाय किए है। उन्होंने लोगों से सर्तक रहते हुए अपने सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरुरी सावधानी बरतने को भी कहा। सुश्री मेहता ने संवेदनशील क्षेत्र में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थान जाने या नामित राहत शिविर में पनाह लेने का निर्देश दिया। इस वास्ते एडवाजरी और अलर्ट बार-बार जारी किया जा रहा है। जिला उपायुक्त ने राजधानी ईटानगर के सभी स्कूलो को आज से इस महीने के छह तारीख तक बंद करने का निर्देश दिया है।

00000000000000000000

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल नशीली दवाओं के दुरपयोग और अवैध तस्करी को रोकने के लिए संयुक्त कार्य योजना की सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिए दिबांग वैली जिला प्रशासन दल को भारत के तीस प्रदर्शन करने वाले जिलों में से एक की मान्यता प्रदान की है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने दिबांग वैली जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

0000000000000000000

प्रदेश में लगातार हो रहीं बारीश से जन जीवन प्रभावित है। दुर दराज के कई इलाकों में भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क बाधित है। वहीं लोहित जिला प्रशासन ने जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से बावन लोगों को निकाला। अपर सियांग जिले के गेयिंग गांव ब्लॉक पोईंट पर बहाली का कार्य प्रगति पर है। बहरहाल पासीघाट - यिंगकियोंग सड़क मार्ग को बनने में मौसम के आधार पर दस दिन से ज्यादा का समय लग सकता है।

0000000000000000

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार चौबीस के लिए पात्र शिक्षकों से ऑनलाइन स्व-नामांकन सत्ताईस जून दो हजार चौबीस से शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऑनलाइन नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस महीने की पंद्रह तारीख है। इस वर्ष, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से पचास शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर दो हजार चौबीस को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

00000000000000000000

सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी-एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए छात्रों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी है। छात्र और अभिभावक इस महीने की सात तारीख तक समिति को अपने जवाब भेज सकते हैं।

0000000000000000000

वन-टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) आवेदन अब लाइव है और आम जनता के लिए सुलभ है, जिससे छात्र आसानी से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर ओटीआर के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। एनएसपी पर दो हजार चौबीस - पच्चीस के लिए छात्रों द्वारा राष्ट्रीय साधन सह-योग्यता छात्रवृत्ति (एनएमएमएसएस) के लिए नए/नवीनीकरण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त दो हजार चौबीस है।

00000000000000000000

महाराष्ट्र में खेले गए अड़तालीसवीं राष्ट्रीय बाह कुश्ती के पैसठ किलो वर्ग में कुमारी गोपी बाम ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि राकेश जोमयांग ने पच्चपन किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक जीता है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के बालेक में आज आई सी ए आर - केंद्रीय वृक्षारोपण फसल अनुसंधान, के वी के लोअर दिबांग वैली और नोर्थ ईस्टर्न हील रिजन के तहत कृषि विभाग ने मिलकर एक दिवसीय प्रशिक्षण और प्रदर्शन का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विभिन्न वैज्ञानिक खेती पद्धतियों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। किसानों के खेती करने की तकनीक को उन्नत करने और टिकाउ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गांवों के पचहत्तर किसानों के बीच पांच हजार एरेका नट के पौधे वितरित किए गए।

0000000000000000000

मेबो सब डिविजन के अंतर्गत आने वाले बाढ़ प्रभावित प्रवण क्षेत्र का कल स्थानीय विधायक ओकेन तायेंग ने जिला उपायुक्त तायी तग्गू और मेबो अपर उपायुक्त सिबो पासिंग ने निरीक्षण किया। इस मौके पर सिगार, बोरगूली, कोंगकुल, नामसिंग, मेर और गादूम गांव के सदस्यों, पंचायत लिडरो और गांव बूढाओं ने स्थानीय विधायक के साथ बातचीत की। इस दौरान दल ने दवा भंडार, राशन सामग्री, कनेक्टिविटी की बहाली जैसे राहत और आपातकालीन उपायों का भी जायजा लेते हुए गांववालों की सुरक्षा के मद्देनजर नियमित एडवाजरी जारी किए जाने पर बल दिया।

0000000000000000000000